तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

16 विधायक साव ने तीन गांवों में प्रार्थना शेड व अतिरिक्त ...


18 बीज उत्सव में बिहान महिला सदस्यों ने एक ही दिन में ...




CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
शाश्वत उ.मा.वि.बलौदाबाजार
के.जी. 1 से 12 वीं (साईन्स,आर्ट्स,कामर्स,कृषि विज्ञान) अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
प्रवेश प्रारम्भ
निःशुल्क वाहन सुविधा-लोकल बलौदाबाजार,लटुवा,रिसदा,कुकुर्दी ,बम्हनमुड़ी
प्रवेश हेतु संपर्क करें- 9111002360,9111002362,6268089459
लुभी साहू कक्षा12 वीं 97% छ.ग.टॉप टेन में चौथा स्थान
चंचल 94% अनुष्का 93.4% अमिता 93.3% माधुरी 93% श्वेता 92.1% पूजा 91% मुस्कान 88.6% रीति 87.8% मंजीत 87.6% जागृति 87%
ओजस्वी 97.1% कामना 96.2% किरण 96.2% कुशाग्र 96.1% इंदु 94.9% डिंपल 94.7% निशा 88.6% आर्यन 93.7% श्रेयांश 93.6% डिगेश्वरी 93.6%

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482 81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# कम बारिश से खेती के तरीके में आया बदलाव, किसानों ने चुनी सीधी बोआई

## 80 प्रतिशत रकबे में हो चुकी बोआई, अंकुरण प्रभावित होने पर दोबारा बोनी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

इस वर्ष मानसून की धीमी शुरुआत और अपेक्षा से कम बारिश ने क्षेत्र की खेती पर असर डाला है। खेतों में रोपाई के लिए पर्याप्त जलभराव नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में किसानों ने पारंपरिक धान रोपाई के बजाय सीधे धान की बोआई का विकल्प अपनाया है। हालांकि कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो कुछ स्थानों पर बीज अंकुरण प्रभावित होने से किसानों को दोबारा बोनी भी करनी पड़ सकती है। किसान वामन टिकरिया ने बताया कि कम वर्षा के बावजूद क्षेत्र में धान का रकबा घटने की संभावना नहीं है। अब तक लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र में बोआई हो चुकी है। हालांकि पर्याप्त नमी नहीं मिलने से कई स्थानों पर बीज अंकुरण की समस्या सामने आ रही है, जिससे किसानों को दोबारा बोनी करनी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा होने के कारण किसान धान की खेती को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। सरकार द्वारा दलहन एवं तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए 15 हजार प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि की योजना संचालित की जा रही है, लेकिन जिले में इसका प्रभाव अभी दिखाई नहीं दे रहा है। इसके पीछे किसानों में जागरूकता की कमी और कृषि विभाग द्वारा प्रभावी मार्गदर्शन का अभाव प्रमुख कारण है।



### कम वर्षा ने बदली खेती की रणनीति

उनका मानना है कि जब तक कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी किसानों को योजना की जानकारी और भरोसा नहीं दिलाएंगे, तब तक फसल चक्र परिवर्तन की संभावना कम रहेगी। साथ ही जिले की जलवायु और कृषि परिस्थितियां धान की खेती के लिए अधिक अनुकूल होने के कारण किसान इसी फसल को प्राथमिकता दे रहे हैं। ग्राम भालेसूर के किसान जागेश्वर प्रसाद वर्मा ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष अपने पूरे 40 एकड़ रकबे में धान की सीधी बोआई की है। उनका कहना है कि कम बारिश के कारण रोपाई करना जोखिम भरा था, इसलिए समय रहते बोआई का निर्णय लिया। इसी तरह ग्राम मोहरा के किसान सनत कुमार वर्मा ने भी पूरे खेत में रोपाई के बजाय धान की बोआई की है। किसान भूपेश धुरंधर ने बताया कि पहले उन्होंने 25 एकड़ में रोपाई की योजना बनाई थी, लेकिन खेतों में पर्याप्त पानी नहीं मिलने से पूरे रकबे में सीधी बोआई कर दी।

## खबर संक्षेप

### पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग

**बलौदाबाजार।** कथित तौर पर एक पीड़ित महिला के बयान पर प्रकाशित समाचार को लेकर एक पत्रकार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किए जाने के मामले की जिला प्रेस क्लब ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा को सौंपे ज्ञापन में कसडोल थाना क्षेत्र के एक बहुचर्चित प्रकरण में एक पत्रकार को आरोपी बनाए जाने पर रोष जताया है। वहीं पत्रकार के साथ थाना परिसर में कथित मारपीट के आरोपों की भी स्वतंत्र जांच कर दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही इस मामले से जुड़े सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने तथा संपूर्ण प्रकरण की पारदर्शी जांच कराने का भी आग्रह किया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम तोरला पड़ाव पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पटेवा पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर मृतक की उम्र 40-45 साल होना बताया।

### महिला को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम उमरदा में एक महिला के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बिसाहिन यादव उमरदा ने बताया कि 01 जुलाई की शाम लगभग 4 बजे उसके घर के बाहर दरवाजे में शिवचरण यादव, सियाराम यादव ताला लगाकर अपने घर चले गए थे। मैं ताला तोड़कर घर के अंदर अपने परिवार के साथ गई थी। ताला तोड़ने की जानकारी होने पर शिवचरण यादव, सियाराम यादव एवं अन्य लोगों ने उसके घर अंदर आकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म

**महासमुंद।** नगर के ईसाईपारा में मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया सोशन तांडी ने बताया कि 29 जून को मैं अपने बहू के साथ घर में थी, तभी पड़ोसी उषा शर्मा ने बताया कि उसके बेटे के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं।

### शराब दुकान में काम करने के बाद देर रात घर लौट रहे थे दोनों युवक

# तेज रफ्तार कैप्सूल ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। ग्राम संडी स्थित शासकीय कंपोजिट शराब दुकान में कार्यरत दो कर्मचारियों की तेज रफ्तार कैप्सूल वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि बाइक और दोनों युवक करीब 200 मीटर तक वाहन के साथ घिसटते रहे। इसके बाद कैप्सूल वाहन भी अनियंत्रित होकर आगे जाकर पलट गया। जानकारी के अनुसार, सत्यप्रकाश सोनवानी 34 वर्ष और गोपी किशन आडिल 25 वर्ष बुधवार रात दुकान बंद करने के बाद मोटरसाइकिल से बलौदाबाजार स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे कैप्सूल वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।



### कैप्सूल चालक चालक की भूमिका जांच रही पुलिस

पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। साथ ही वाहन चालक की भूमिका और हादसे की परिस्थितियों की भी पड़ताल की जा रही है। इस दुर्घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है और लोग तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे

हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने घटनास्थल पहुंचकर दोनों युवकों को देखा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। दुर्घटनाग्रस्त कैप्सूल वाहन भी कुछ दूरी पर पलटा हुआ मिला।

### ड्यूटी से लौटते समय हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि दोनों मृतक लंबे समय से संडी स्थित शासकीय कंपोजिट शराब दुकान में कार्यरत थे और प्रतिदिन ड्यूटी समाप्त होने के बाद बलौदाबाजार लौटते थे। अचानक हुए इस हादसे से उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल और घटना स्थल पहुंच गए।

# वृद्ध महिला से सोने के जेवर की लूट के आरोप में चार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

वृद्ध महिला से सोने के जेवर की लूट के आरोप में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सागर मरकाम 30 वर्ष, सरिता निषाद 40 वर्ष, अजय उर्फ गोलू ध्रुव 39 वर्ष, टेकूराम ध्रुव 35 वर्ष सभी निवासीः तिल्दा-नेवरा शामिल हैं।

शहर थाना टी.आई.अमित पाटले ने जानकारी देते हुए बताया प्रार्थीया हीराबाई ध्रुव 80 वर्ष) निवासी नयापारा वार्ड भाटापारा जो वृद्धा पेंशन से अपना जीवन यापन करती है, उसने शहर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि एक अज्ञात पुरुष और महिला मोटरसाइकिल से उसके पास आए और खुद को उसके अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार का पड़ोसी बताकर विश्वास जीता। इसके बाद वे वृद्धा को अस्पताल ले जाने का बहाना बनाकर मोटरसाइकिल पर बैठाकर सुनसान रास्ता बोडतरा रोड की ओर ले गए, जहां उन्होंने वृद्धा के गले से सोने का मंगलसूत्र जिसमें 12 पत्ती सोने का लाकेट और 12 नग सोने का गेहूं दाना लगा हुआ था झपटकर चोरी कर लिया और फरार हो गए। कि रिपोर्ट पर धारा 304, 61(2), 318(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ▶▶ शेष पेज 17 पर

### भतीजा निकला मास्टरमाइंड

शहर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल मार्ग के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज के आधार पर संदेही की पहचान प्रार्थीया के भतीजे टेकूराम के दोस्त गोलू के रूप में हुई। इसके पश्चात पुलिस टीम ने त्वरित दबिश देकर संदेही गोलू उर्फ अजय ध्रुव को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि प्रार्थीया के सगे भतीजे टेकूराम ध्रुव ने अपनी प्रेमिका सरिता निषाद, साथी सागर मरकाम और गोलू के साथ मिलकर इस पूरी वारदात की योजना बनाई थी।

# तेज बारिश से घंटों बंद रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



गांव एवं क्षेत्र में गरज के साथ मूसलाधार बारिश हुई। रात के एक बजे से सुबह तक रुक रुक कर भारी वर्षा हुई। सभी जगह जलमग्न हो गए, खेतों में पानी भर गया है। किसानों में चिंता है कि धान बोआई किए थे। वह सड़ न जाए?

अधिक बारिश होने के कारण बिजली गोल हो गई और दोपहर एक बजे बिजली आयी, लेकिन कोई काम का नहीं रही, मिनटों में लाइन कट रही थी। लंबे समय तक बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को बोर से पानी भरना, नहाना दैनिक उपयोगी के कार्य ठप पड़ गया। सभी व्यावसायिक दुकान बंद पड़ी रही। कोई भी कार्यालय में काम नहीं हुआ। समाचार लिखे जाने तक पानी गिरने का मौसम बना हुआ था और बिजली के आंख मिचौली जारी थी।

# वीबी जीराम जी आजीविका गारंटी मिशन देश में लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया वर्चुअल जनसम्मेलन

विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन, ग्रामीण (वीबी जीराम जी) 1 जुलाई से लागू हुआ है, जिसके प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में राज्य स्तरीय जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीण विकास से जुड़े कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने ग्रामीण रोजगार, आजीविका संवर्धन, आत्मनिर्भर ग्रामों के निर्माण तथा विभिन्न विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला पंचायत के सभा कक्ष में किया गया, जहां अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारियों ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया तथा केंद्रीय मंत्री का संबोधन सुना।




कार्यक्रम में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत बर्मन, जनपद पंचायत सारंगढ़ सीईओ राधेश्याम नायक, बरमकेला जनपद पंचायत सीईओ अजय पटेल सहित गणमान्य नागरिक ▶▶ शेष पेज 17 पर

### बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की आधुनिक पहल

# शहर के प्रमुख चौकों पर गूंजेगा ट्रैफिक और साइबर जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- गार्डन और अंबेडकर चौक पर अत्याधुनिक पीए सिस्टम स्थापित किए गए

जिला पुलिस ने आधुनिक पहल करते हुए शहर के प्रमुख चौक-चौराह पर ट्रैफिक और साइबर जागरूकता का संदेश प्रसारण का निर्णय लिया है। इसके लिए नगर के दो प्रमुख और व्यस्ततम स्थलों गार्डन चौक एवं अंबेडकर चौक पर अत्याधुनिक पीए सिस्टम स्थापित किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और आम नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के लिए एक आधुनिक एवं अनूठी पहल की शुरुआत की गई है। 1 जुलाई से बलौदाबाजार नगर के दो प्रमुख और व्यस्ततम स्थलों गार्डन चौक एवं अंबेडकर चौक पर अत्याधुनिक पीए (पब्लिक एड्रेस) सिस्टम स्पीकर स्थापित किए गए हैं।

नागरिकों को जागरूक करने के लिए इन स्पीकर्स के माध्यम से ट्रैफिक अवेयरनेस यातायात जागरूकता ▶▶ शेष पेज 17 पर

### पुलिस अधीक्षक ओ.पी. शर्मा का संदेश

बदलते दौर में तकनीक का सही उपयोग कर हम जनता तक तेजी से पहुंच सकते हैं। इस पीए सिस्टम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति सचेत करना और उन्हें साइबर ठगों के चंगुल में फंसने से बचाना है। हम लगातार बलौदाबाजार पुलिस को और अधिक हाईटेक और जनता के करीब लाने का प्रयास कर रहे हैं। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि इन चौकों पर प्रसारित होने वाले संदेशों को ध्यान से सुनें, यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी अज्ञात फोन कॉल या लिंक पर अपनी गोपनीय जानकारी साझा न कर सतर्क रहें।

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

## खबर संक्षेप

### माना में चिकित्सकों का किया सम्मान

**रायपुर।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर स्वामी जन सेवा समिति एवं नगर पंचायत माना कैंप के ओर से माना सिविल हॉस्पिटल परिसर पर चिकित्सकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारभ चिकित्सक डॉक्टर बिधनचंद्र राय की तेल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन करते हुए किया गया। इसी दौरान माना कैंप के समस्त चिकित्सकों को शाल, श्रीफल और स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नपं के पूर्व अध्यक्ष श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती, माना कैंप उपाध्यक्ष के एबु, पार्षद नंदलाल बर्मन, प्रदीप बीशबास, भाजपा माना मंडल के उपाध्यक्ष सौरभ आहूजा, विजय दास, तरूण राय, शक्ति मंडल, राम नंदी, विष्णु मंडल, राकेश प्रधान सहित नागरिक उपस्थित थे।

### गरीबों का घर उजाड़कर विधायक आवास बनाना शर्मनाकः राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने रायपुर के नकटी गांव में विधायक आवास निर्माण के लिए वहां निवासरत परिवारों को विस्थापित करने की कार्रवाई को तत्काल रोकने एवं किसी अन्य वैकल्पिक स्थान पर विधायक कॉलोनी विकसित किए जाने की मांग की है। राकेश ने कहा कि नकटी गांव में विधायक आवास कॉलोनी निर्माण के नाम पर लगभग 85 गरीब परिवारों के मकानों को बरसात के ठीक पूर्व जेसीबी से ध्वस्त किए जाने की घटना अत्यंत पीड़ादायक, अमानवीय एवं शर्मनाक है। झाबक ने कहा जिन परिवारों ने वर्षों की मेहनत से अपना छोटा-सा घर बनाया था, आज वे बेघर होकर जीवनयापन करने को विवश हैं। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उन्होंने गरीबों का घर उजाड़कर जनप्रतिनिधियों के लिए आवास बनाने को अन्यायपूर्ण और मानवीय संवेदनाओं के विपरीत बताया है। भाजपा के कोई भी नेता, सांसद, विधायक सभी के पास नकटीवासी चले गए हैं, लेकिन कोई इनका साथ नहीं दे रहा है, यहां तक को बात करने की भी तैयार नहीं है। राकेश ने इस पर कार्रवाई तत्काल रोक लगाये जाने, प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं उचित मुआवजे की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने तथा विधायक आवास कॉलोनी के लिए नया रायपुर अथवा किसी अन्य उपयुक्त सरकारी भूमि का चयन किये जाने की मांग की है।

### बच्चे के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में बच्चे के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है।
पुलिस को प्रार्थिया रिंकी रात्रे ने बताया कि वह वार्ड नं 03 गुडी चौक ग्राम बेमचा में रहती है। रोजी मजदूरी का काम करने वाली रात्रे ने बताया कि 30 जून को वह अपने काम पर बिरकोनी गई थी, दोपहर करीबन 02 बजे देवरानी सेवती रात्रे ने फोन करके बताया कि तुम्हारे बेटे समीर रात्रे के साथ नूतन साहू ने लाठी डंडे से मारपीट किया है, जिससे उसके सिर में खून निकल रहा है और वह उसे इलाज कराने के लिये जिला अस्पताल लेकर जा रही हूं। घटना के बारे में पूछने पर समीर ने बताया कि वह सुबह करीब 11.30 बजे स्कूल से पढकर घर आ रहा था, तो देखा कि तुषार साहू अपने घर के सामने में तालाब में मछली पकड़ रहा था, जिसे उसने कहा कि तालाब में मछली फंसा रहे हो, मैं तालाब के मालिक को बताउंगा।

# सड़क, गली में झाड़ू नहीं लगी, नालियों से कूड़ा निकालने नहीं आए कर्मचारी

## नगर निगम के सफाई ठेकेदारों की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में सड़क और गली में झाड़ू लगाने सफाई कर्मचारी बुधवार को काम पर नहीं आए, नालियों और शहर के मुक्कड़ों से कचरों के ढेर उठाने का काम भी ठप रहा। नगर के वार्डों की सफाई का ठेका लेने वाले सफाई ठेकेदारों की हड़ताल के कारण शहर में अव्यवस्था देखने को मिली। इधर सफाई ठेकेदारों का कहना है कि बकाया बिल का भुगतान नहीं होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त संबित मिश्रा से लेकर नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी को भी सफाई ठेकेदार अपनी परेशानी बता चुके हैं। इसके बाद भी बकाया भुगतान नहीं होने से नगर निगम के सफाई ठेकेदारों ने काम ठप रख निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। विदित हो कि कुछ समय पूर्व रामकी के सफाई कर्मचारियों ने वेतनवृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन बंद कर विरोध जताया था। इसके चलते शहर में लोगों के घरों से कचरा नहीं उठा।

शहर के वार्डों की सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा है राजधानी में नगर निगम के सफाई कर्मचारी बुधवार को हड़ताल पर चले गए। पिछले दो माह में लगातार कभी सफाई कर्मचारी, कभी रामकी कंपनी के कर्मचारी हड़ताल पर यह क्या हो रहा है आम जनता के समझ से परे है। ट्रिपल इंजन की सरकार होते हुए सफाई की लचर स्थिति सुधर नहीं रही। आर्भिक रूप से तंगी में जूझ रहे रायपुर नगर निगम की परिषद और जिम्मेदार अधिकारी चाहते तो समय पर बकाया बिल का भुगतान हो जाता तो यह समस्या ही नहीं आती। एक तरफ निगम प्रशासन का पूरा फोकस आम जनता से टैक्स वसूली में है, दूसरी तरफ सफाई जैसी मूलभूत सुविधा को देने के मामले में निगम प्रशासन फिसड्डी साबित हो रहा है।




### निगम की गाड़ियों में डीजल का टोटा, कार्य प्रभावित

नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में नाला सफाई, कचरा परिवहन, सफाई कार्य, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य कार्यो के लिए निगम के पास 300 छोटे बड़े वाहन उपलब्ध हैं, पर इन दिनों निगम के कई गाड़ियां डीजल उपलब्ध नहीं होने से खड़ी हो गई है। इनमें जेसीबी, पोकलैन मशीन, ट्रैक्टर, टाटा एस सहित अन्य वाहन हैं। वार्ड पार्षदों का कहना है पूर्व में नगर निगम के वाहनों के लिए डीजल की व्यवस्था जोन स्तर पर की जाती थी, पर यह व्यवस्था निगम मुख्यालय स्तर पर केंद्रित हो गई है। यही नहीं गाड़ियों की मरम्मत कराने के बाद उसके भुगतान के लिए जोन में राशि उपलब्ध नहीं होने से मरम्मत के लिए दिए गए वाहन को गैरेज से लाने में देरी हो रही है। सूत्रों के मुताबिक जोन 4 के ब्राम्हणपारा वार्ड में लगाई गई गाड़ी 1 माह से रिपेयर के लिए गई है। मरम्मत के बाद भी गाड़ी को वापस लाने जोन के पास पैसे नहीं है। निगम प्रशासन ने हाल ही मे एक नई व्यवस्था लागू करते हुए 50 हजार से अधिक राशि के भुगतान को मुख्यालय से करने का आदेश किया है। पहले 4 लाख रुपए तक के बिल का भुगतान जोन स्तर पर होता था, तब यह स्थिति नहीं आती थी। अब हालत ये है जोन कमिश्नर अपने स्तर पर केवल 50 हजार तक के भुगतान को मंजूरी दे सकता है। निगम के आला अफसरों का तर्क है कि आडिट आपत्ति और भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता व वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने यह व्यवस्था लागू की गई है।

## कचलोन, औरेठी और नवागांव के विद्यालयों में विकास कार्यों का भूमिपूजन

# विधायक साव ने तीन गांवों में प्रार्थना शेड व अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव ने बुधवार को सिमगा विकासखंड के कचलोन, औरेठी एवं नवागांव स्थित शासकीय विद्यालयों में प्रार्थना शेड एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर शिक्षा के क्षेत्र में विकास की नई सौगात दी। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है इसलिए हर बच्चे को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए और अपने माता-पिता तथा गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। दौरे की शुरुआत ग्राम कचलोन के शासकीय हाई स्कूल से हुई जहां मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय परिवार ने विधायक का पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया जबकि विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। विधायक ने कहा कि विद्यालयों में बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बेहतर वातावरण मिल सके। उन्होंने प्रार्थना शेड निर्माण को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए अनुशासन और मेहनत से पढ़ाई करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि चंद्रशेखर साहू सरपंच शादाब खान, पूर्व सरपंच बिसाहू साहू, अय्यूब खान, हरिशंकर सोनवानी, गिरधर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



तत्पश्चात विधायक इन्द्र साव ग्राम औरेठी पहुंचे जहां सरपंच प्रतिनिधि नरेश साहू एवं ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। यहां उन्होंने प्राथमिक शाला में तीन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण का भूमिपूजन किया तथा विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उक्त मौके पर विधायक ने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, जनपद सदस्य प्रतिनिधि चंद्रशेखर साहू,दाऊराम यदु, झाड़ूराम साहू, दिनेश साहू, चंद्रशेखर साहू, समस्त पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विधायक साव दौरे के अंतिम चरण में ग्राम नवागांव के शासकीय हाई स्कूल पहुंचे जहां उन्होंने प्रार्थना शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक और जनप्रतिनिधि बनकर देश का भविष्य तय करेंगे। उन्होंने शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित उपस्थिति एवं संस्कारयुक्त वातावरण सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विद्यालयों के विकास और विद्यार्थियों के हित में हरसंभव प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर सरपंच नीरा धर्मेंद्र कोसले, जनपद सदस्य प्रतिनिधि चंद्रशेखर साहू, शिवप्रसाद साहू, रिखीराम पोर्ते, कोमल टंडन, दिनेश साहू, मनीष पाठक, प्राचार्य करण हरवंश, बसंत उपाध्याय, रोमेश, संतोष देवांगन, कोमल सोनवानी, आजू साहू, भगत साहू, सहित शाला परिवार, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए विधायक साव

**सिमगा।** विकासखंड सिमगा के ग्राम औरेठी स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव एवं निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय परिवार एवं सरपंच प्रतिनिधि नरेश साहू ने विधायक का पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक साव ने विद्यार्थियों अभिभावकों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं बल्कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास और समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का सबसे सशक्त आधार है। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की पहली पाठशाला है जहां से संस्कार, अनुशासन, ज्ञान और जीवन मूल्यों की नींव रखी जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप विद्यालय आने, शिक्षकों का सम्मान करने, अनुशासन का पालन करने तथा मन लगाकर अध्ययन करने का आग्रह किया। साथ ही अभिभावकों से अपील किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और उन्हें प्रतिदिन विद्यालय भेजकर उनके सपनों को साकार करने में सहयोग करें। विधायक साव ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक बच्चे को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि ग्रामीण अंचलों के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार गांव और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। तत्पश्चात विधायक साव ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। विधायक साव ने विद्यालय में संचालित मध्याहन भोजन का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को बच्चों को स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तायुक्त भोजन नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उक्त मौके पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, विद्यालय के प्राचार्य सोनवानी, सुनील सेन, दिनेश साहू, दाऊराम यदु, झाडूराम साहू, अर्जून साहू, जयलाल वर्मा, बाबूलाल यदु, आरती साहू, कस्तूरा बाई, राकेश मिरी सहित विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# चिंगरी नाला के गंदे पानी से खारुन को अभी राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिंगरी नाला के गंदे और बदबूदार झागयुक्त पानी से इस बार की बारिश में भी जीवनदायिनी खारुन नदी को राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे। रिंग फेस्ट मद से नगर निगम को 10.57 करोड़ रुपए की मंजूरी मिलने के बाद नगर निगम ने नाला सुधार के लिए बुधवार को ऑनलाइन टेंडर जारी कर दिया, पर निर्माण एजेंसी तय करने और उसे वर्कआर्डर जारी करने में महीनेभर और लगेगा, ऐसे में नाला सुधार का काम अब बारिश के बाद ही शुरू हो पाएगा। ऐसे हर बार की तरह इस बार भी तेज बारिश में नाले का गंदा पानी और प्लास्टिक वेस्ट पूरे वेग से ओवरफ्लो होकर नदी के जल को दूषित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। खारुन नदी में नाले का गंदा पानी न जाए, इसके लिए 650 मीटर के दायरे में नया नाला निर्माण, तकनीकी सुधार, वियर की ऊंचाई बढ़ाने के कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा। इसके साथ ही 10 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट लगाने की योजना है।



दरअसल, चिंगरी नाला का लाइनिंग व अप्रोच मार्ग नहीं होने से गाद और सफाई की समस्या रही है। वियर की कम ऊंचाई के वजह से नाले के बदबूदार गंदे पानी के साथ बड़ी मात्रा में प्लास्टिक डिस्पोजल, थर्माकोल सहित सालिड वेस्ट पिकप वियर के मुहाने में तेज बारिश होने से ओवरफ्लो होकर नदी के पानी को सीधे तौर पर दूषित करते हैं। इसके कारण नदी के पानी की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। यही नहीं, आसपास के रहवासी को भी गंदगी और दुर्गंध के साथ जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ता है।

# अब मंत्रालय की तर्ज पर नगरीय निकायों से लेकर ग्राम पंचायत से खत्म होगी लाल फीताशाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जिस तरह मंत्रालय, विभागाध्यक्ष कार्यालय, सचिव से लेकर कलेक्टर कार्यालयों में ई आफिस का संचालन कर लाल फीताशाही खत्म की गई है, वैसा ही बदलाव अब राज्य के सभी नगरीय निकायों से लेकर पंचायती राज संस्थाओं में किया जाएगा। इसके लिए राज्य के सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में काम करने वाले जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के लिए सीजी ऑथ आईडी बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बिना ई-ऑफिस प्रणाली में फाइलों का संचालन और डिजिटल अनुमोदन संभव नहीं होगा।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी कर दिए हैं। दरअसल, यह केवल एक आईडी बनाने का आदेश नहीं है, बल्कि राज्य सरकार के उस बड़े अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत सरकारी कार्यालयों में कागजी फाइलों की जगह पूरी तरह डिजिटल फाइल प्रणाली लागू की जा रही है।



### क्या है सीजी ऑथ आईडी

सीजी ऑथ राज्य सरकार की केंद्रीकृत डिजिटल प्रमाणीकरण प्रणाली है। यह सरकारी अधिकारियों और अधिकृत जनप्रतिनिधियों की डिजिटल पहचान का काम करती है। इसी आईडी के माध्यम से अधिकारी ई-ऑफिस में लॉग-इन करते हैं, फाइलें देखते हैं, टिप्पणियां दर्ज करते हैं और डिजिटल रूप से अनुमोदन देते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि सभी अधिकृत अधिकारी और जनप्रतिनिधि एक सुरक्षित डिजिटल पहचान के माध्यम से सरकारी कामकाज करें, जिससे पारदर्शिता बढ़े और जवाबदेही तय हो सके।

### इनकी बनाई जाएगी नई आईडी

निर्देश के अनुसार नगरीय निकायों में नगर निगम के महापौर, आयुक्त, सभापति तथा आवश्यकता अनुसार अन्य अधिकारी-कर्मचारी।ज नि पार्षदों को शासकीय ई-मेल की आवश्यकता है। नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा संबंधित कर्मचारी। नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और अन्य अधिकृत कर्मचारी।

### सरपंच से लेकर पटवारी तक की आईडी

सरकार ने यह व्यवस्था केवल शहरी निकायों तक सीमित नहीं रखी है। आदेश में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और राजस्व विभाग को भी शामिल किया गया है।इसके तहत जिला पंचायत अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष, ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिवों के अलावा तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों तक को ई-ऑफिस प्रणाली से जोड़ा जाएगा।

### ई-ऑफिस का अगला चरण

राज्य सरकार पहले ही मंत्रालय, विभागाध्यक्ष कार्यालयों और जिला स्तर के कार्यालयों में ई-ऑफिस लागू कर चुकी है। अब सरकार इस व्यवस्था को स्थानीय निकायों तक पूरी तरह विस्तार दे रही है। इसके लिए सबसे पहली शर्त प्रत्येक अधिकृत व्यक्ति की डिजिटल पहचान तैयार करना है। जानकारों का मानना है कि इससे फाइलों की आवाजाही तेज होगी, फाइलों की स्थिति ऑनलाइन देखी जा सकेगी और कागजी प्रक्रिया पर निर्भरता कम होगी।

## सुशासन से लेकर तकनीकी नवाचार पर होगा मंथन

# आईआईएम में 4-5 को चिंतन शिविर, सीएम साय सहित शामिल होगा पूरा मंत्रिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित पूरा मंत्रिमंडल 4-5 तारीख को नवा रायपुर स्थित आईआईएम में आयोजित चिंतन शिविर में शामिल होगा। बताया गया है कि इस शिविर में देश के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ मंत्रियों के साथ संवाद करेंगे। इनमें प्रशासनिक प्रबंधन, सुशासन, सार्वजनिक नीति, तकनीकी नवाचार, जनसेवा और विकास प्रशासन जैसे विषय शामिल होंगे। सरकारी योजनाओं की समीक्षा और प्रशासनिक बैठकों से आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ सरकार अब अपनी कार्यप्रणाली को नए दौर की जरूरतों के अनुरूप ढालने की तैयारी में है। सरकार इसे केवल एक औपचारिक बैठक के रूप में नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की कार्य संस्कृति में सुधार और निर्णय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने की पहल के तौर पर देख रही है। बदलते प्रशासनिक और तकनीकी परिवेश में मंत्रियों को आधुनिक प्रबंधन, नीति निर्माण और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली से जोड़ने पर इस बार विशेष जोर रहेगा।

### मंत्रियों को मिलेगा नेतृत्व और प्रबंधन का प्रशिक्षण

शिविर का फोकस केवल नीतिगत चर्चा तक सीमित नहीं रहेगा। मंत्रियों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने, प्रभावी निर्णय लेने, योजनाओं की निगरानी और परिणाम आधारित कार्य संस्कृति से जुड़े पहलुओं पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। जानकारों का मानना है कि राजनीतिक नेतृत्व और प्रशासनिक दक्षता के बीच बेहतर तालमेल से योजनाओं के क्रियान्वयन की गति बढ़ाई जा सकती है। यही वजह है कि विभागीय कार्यों की निगरानी और लक्ष्य आधारित प्रशासनिक मॉडल पर भी विशेष सत्र आयोजित किए जाने की तैयारी है। इससे पहले आईआईएम में दो बार यह शिविर हो चुका है।

### सुशासन, तकनीक आधारित प्रशासन तक होगी चर्चा

सूत्रों के मुताबिक शिविर में देश के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ मंत्रियों के साथ संवाद करेंगे। इनमें प्रशासनिक प्रबंधन, सुशासन, सार्वजनिक नीति, तकनीकी नवाचार, जनसेवा और विकास प्रशासन जैसे विषय शामिल होंगे। चर्चा का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी होगा कि शासन व्यवस्था को किस तरह अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक आधारित बनाया जाए। डिजिटल प्रशासन, सेवा वितरण की दक्षता और योजनाओं की निगरानी के आधुनिक तरीकों पर भी विचार-विमर्श होने की संभावना है।

# कनकी में विकसित भारत मिशन का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत कनकी में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन के तहत योजना शुभारंभ कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को योजना के उद्देश्य एवं प्रमुख प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बताया गया कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना, आजीविका को सशक्त बनाना, ग्राम स्तर पर स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण करना तथा ग्रामीण विकास को गति देना है। साथ ही ग्रामीणों को इस शासन के इस अधिनियम द्वारा 125 दिवस रोजगार दिए जाने की जानकारी दी, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, पंचायत अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। सभी ने योजना के सफल क्रियान्वयन एवं ग्राम के समग्र विकास हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### नवोदय एकलव्य परीक्षा में चांदन के छात्रों ने लहराया परचम




**सेल।** विकासखंड कसडोल के वनांचल क्षेत्र में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर चांदन के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगी एवं मेधावी परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर विद्यालय अभिभावकों का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों के लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय से कक्षा पंचम के छात्र डोपेश डड़सेना का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। वहीं टेक लाल सेठ एवं गौरव कुमार ठाकुर का चयन एकलव्य विद्यालय में हुआ है। इसके अलावा सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मेधावी परीक्षा में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा पंचम से डोपेश डड़सेना तथा कक्षा नवम से अनीता सोनवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

### सहकारिता मंत्रालय के स्थापना दिवस पर अछोला में हुआ आयोजन

**महासमुंद।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित अछोला द्वारा 29 जून से 6 जुलाई 2026 तक सहकारी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सहकारी सप्ताह के अंतर्गत किसानों एवं समिति के सदस्यों को सहकारिता की योजनाओं, कृषि ऋण, खाद-बीज वितरण, सरकारी योजनाओं तथा सहकारी संस्थाओं की भूमिका के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

# सीड बॉल बांटकर शिक्षिका ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिमगा ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी की शिक्षिका भारती वर्मा ने विद्यार्थियों की सहायता से सीड बॉल का निर्माण किया है। निर्माण के पश्चात विकासखंड स्तरीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीयों को वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अभिनव पहल की जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीयों ने सराहना करते हुए इसे प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का प्रेरणादायक प्रयास बताया। शिक्षिका के द्वारा जनपद पंचायत के सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अतुल कुमार शेटे, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी.पी. मनहर, बीईओ संजय श्रीवास्तव, बीआरसी किरण कुमार वर्मा को सीड बाल भेंट किया गया। शिक्षिका भारती वर्मा ने बताया कि सीड बॉल मिट्टी, गोबर की खाद तथा विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों के बीजों से तैयार किए गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी अतुल कुमार शेटे ने शिक्षिका की इस सराहनीय पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे अभियान बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के शिक्षिका एवं बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े जन-जागरूकता पहल सराहनीय है।

### कम लागत में हरित क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में अभिनव पहल



#### अधिक से अधिक हरियाली विकसित करने का प्रयास

वर्षा ऋतु में इन्हें खाली भूमि, सड़क किनारे, पहाड़ी क्षेत्रों तथा बंजर स्थानों पर फेंकने से अनुकूल वातावरण मिलने पर बीज अंकुरित होकर पौधों का रूप ले लेते हैं। इससे कम लागत में अधिक से अधिक हरियाली विकसित की जा सकती है। विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, वृक्षों के महत्व तथा जैव विविधता के संरक्षण के बारे में जागरूक करने एवं उन्हें पर्यावरण बचाने, अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ऐसा नवाचार किया गया। भारती वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है बल्कि इसके लिए जनभागीदारी आवश्यक है। यदि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो आने वाले वर्षों में क्षेत्र को हराभरा बनाया जा सकता है।

### सहायक उपकरणों की मरम्मत के लिए जिला प्रशासन खुलवाएगा रिपेयरिंग शॉप

# सीएम हेल्पलाइन से नि:शक्त को मिली पखवाड़ेभर में बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सोशल मीडिया के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन 1076 की जानकारी मिलने के बाद बलौदाबाजार संजय कॉलोनी निवासी दिव्यांग दुर्गेश साहू ने नई ट्राई साइकिल प्रदान करने के लिए कॉल किया। इसके बाद 15 दिनों के भीतर उन्हें नई बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी गई। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज दुर्गेश साहू को नई बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने दुर्गेश से उनका हाल-चाल जाना और ट्राइसाइकिल का अनुभव भी पूछा। इस पर दुर्गेश साहू ने बताया कि ट्राइसाइकिल की गुणवत्ता काफी अच्छी है तथा इसकी ऊंचाई भी सुविधाजनक है, जिससे इसे चलाने में आसानी होगी।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरणों की मरम्मत के लिए बार-बार परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा शीघ्र ही रिपेयरिंग शॉप की स्थापना की जाएगी। इससे दिव्यांगजनों को अपने सहायक उपकरणों की मरम्मत की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी।



उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010 में एक सड़क दुर्घटना के कारण दुर्गेश साहू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद उनके शरीर का कमर के नीचे का हिस्सा काम करना बंद कर गया, जिससे वे पूर्णतः दिव्यांग हो गए। लंबे समय तक उन्हें आने-जाने सहित दैनिक कार्यों के लिए अपने परिवार पर निर्भर रहना पड़ता था।

दुर्गेश साहू को पूर्व में भी समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन समय के साथ उसके महत्वपूर्ण पार्ट्स खराब हो गए और उनकी मरम्मत संभव नहीं हो पा रही थी। इससे उनकी आवाजाही और आजीविका दोनों प्रभावित हो रही थीं। इसी दौरान उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन 1076 की जानकारी मिली। उन्होंने हेल्पलाइन पर अपनी समस्या दर्ज कराई, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 15 दिनों के भीतर समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें नई बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध करा दी गई।

नई बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल मिलने से अब दुर्गेश साहू को अपने दैनिक कार्यों के साथ-साथ अपनी छोटी सी किराना दुकान के संचालन में भी काफी सुविधा मिलेगी। इससे वे पहले की तुलना में अधिक आत्मनिर्भर होकर अपना जीवनयापन कर सकेंगे। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की उप संचालक सिनीवाली गोयल ने दुर्गेश साहू को दिव्यांग जनों के लिए संचालित ऋण योजनाओं की जानकारी भी दी, ताकि उनको अपने व्यवसाय में मदद मिल सके।

# स्कूली पाठ्यक्रम में शारीरिक शिक्षा अनिवार्य हो

**खरोरा।** कहते हैं स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, इस सार्वभौमिक सत्य के बावजूद स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक की कक्षाओं में शारीरिक शिक्षा का लागू नहीं होना, समय सारणी से खेल के कालखण्ड अनिवार्य निर्धारित नहीं होने से प्रदेश के खेल जगत और शिक्षक वर्ग में असंतोष है।शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष रीतेश सिंह ने इस विषय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि आज जब पूरा विश्व योग, खेल और शारीरिक शिक्षा गतिविधियों के माध्यम से नई पीढ़ी के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तब छत्तीसगढ़ में शारीरिक शिक्षा,खेल को लेकर सरकार कितनी गंभीर है, यह उस निर्णय से साफ पता चलता है। विद्यालयों की समय सारणी से शारीरिक शिक्षा, खेल का अनिवार्य कालखण्ड नहीं होने से व्यायाम शिक्षक इस बात को लेकर अत्यंत चिंतित हैं कि वे शालाओं में अपनी उपस्थिति कैसे साबित करेंगे।



सिंह ने आगे रेखांकित किया कि प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यालय ही वे स्थान होते हैं जहाँ से भविष्य के खिलाड़ी तैयार होते हैं और यहीं से खिलाड़ियों की मजबूत नींव तैयार होती है। प्राथमिक स्तर पर बहुत सारी महत्वपूर्ण गतिविधियों को खेल-खेल में ही सिखाया जाता है, इसलिए इस शारीरिक शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश पदाधिकारियों ने शासन से पुरजोर मांग की है कि शारीरिक शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम में एक अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाए।

## पेज 15 के शेष

### शहर के प्रमुख ...

और साइबर अवेयरनेस साइबर ठगी से बचाव से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को ऑटोमैटिकली रीप्ले होने के लिए शेड्यूल किया गया है। यह व्यवस्था प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शुरू होकर रात 9 बजे तक रहेगी, जिसके तहत हर घंटे शहरवासियों को सुरक्षा संबंधी संदेश सुनाई देंगे।

इस तकनीक को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अगले हफ्ते एक और बड़ा कदम उठाया जा रहा है। पुलिस कंट्रोल रूम, बलौदाबाजार में एक विशेष माइक्रोफोन लगाया जाएगा। इसके माध्यम से कंट्रोल रूम में बैठे पुलिस अधिकारी सीधे गार्डन चौक और अंबेडकर चौक पर मौजूद आम जनता को लाइव पब्लिक अनाउंसमेंट सीधा प्रसारण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे सकेंगे। आपातकालीन स्थिति या वीआईपी मूवमेंट के दौरान यह व्यवस्था बेहद कारगर साबित होगी।

### वृद्ध महिला से...

आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर पुलिस ने उनके पास से पृथक-पृथक कुल 09.980 ग्राम सोने के जेवरात (कुल 10 सोने की पत्ती, 6 सोने का गेहूं दाना) बरामद किया, जिसकी जुमला कीमत लगभग 1,05,000 रुपये है। इसके अतिरिक्त घटना में प्रयुक्त एच.एफ. डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एमएल 4105 एवं नीला-सफेद रंग का स्कार्फ भी विधिवत जब्त किया गया है।

### वीबी जीराम जी...

ज्योति लाल पटेल, जिले के सभी रोजगार सहायक तथा तीनों जनपद क्षेत्रों के सरपंच संघ के अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, रोजगार सृजन, आजीविका के नए अवसरों तथा ग्राम पंचायतों की सहभागिता को और मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम से प्राप्त मार्गदर्शन को जिले में प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि वीबी जीराम जी को मनरेगा के स्थान पर लागू किया है। मनरेगा के कार्यों में बहुत कार्यों और शक्ति को जोड़कर उसे वीबी जीराम जी बनाया गया है।

# बीज उत्सव में बिहान महिला सदस्यों ने एक ही दिन में बनाया 59 हजार सीड बॉल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

जिले के विभिन्न स्थानों में बिहान के महिला सदस्यों की टोली ने वृहद बीज उत्सव कार्यक्रम में सीड बाल तैयार किया। इसी सिलसिले में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ग्राम गोड़म पहुंचीं और महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे सीड बॉल निर्माण कार्य का अवलोकन की और सहभागी बनी। इस दौरान उन्होंने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उनके प्रयासों की सराहना की।

ग्राम गोड़म में महिला समूहों द्वारा 30 हजार से अधिक सीड बॉल तैयार किए गए। इन सीड बॉल में विभिन्न फलदार पौधों एवं अन्य उपयोगी वृक्षों के बीज शामिल किए गए हैं, जिन्हें वर्षा ऋतु में उपयुक्त स्थानों पर रोपित किया जाएगा।

- सीड बॉल निर्माण में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने की सहभागिता

इसी प्रकार बिलाईगढ़ क्षेत्र के नगर पंचायत पवनी अंतर्गत संकुल संगठन की महिलाओं ने भी 15 हजार से अधिक सीड बॉल तैयार किए। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में महिला समूहों की सक्रिय भागीदारी से एक ही दिन में कुल 59 हजार से अधिक सीड बॉल तैयार किए गए, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इस अवसर पर कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि बीज उत्सव केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से इस जनभागीदारी अभियान में शामिल होकर अधिक से अधिक सीड बॉल तैयार करने और उन्हें वर्षा ऋतु में उपयुक्त स्थानों पर स्थापित करने की अपील की।

# सेवानिवृत्ति पर शिक्षक ने स्कूल में कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

तहसील लवन से 7 किलोमीटर दूर स्थित प्राथमिक विद्यालय के सेवानिवृत शिक्षक ने न्योता भोज का आयोजन किया। विदित हो कि सरखोर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक प्रहलाद साहू ने सेवानिवृत होने के पश्चात अपनी शाला के विद्यार्थियों, शिक्षकों, संकुल के शिक्षकों एवं ग्रामीणों को शाला परिसर में आमंत्रित कर स्वयं के खर्च से न्योता भोज का आयोजन किया। इस सराहनीय कार्य के लिए श्री साहू के प्रति ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किये। इस अवसर पर प्रहलाद साहू ने पत्रकारों से बातचीत में कहा जीवन में हमेशा एक चीज को चुनकर कार्य किया कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देंगे, आज उस कर्तव्य पथ से हटने का समय आ गया है, अब जाते जाते सेवानिवृत्त होने के बाद लगा कि बच्चों शिक्षकों एवं ग्रामीणों के बीच एक और यादगार लम्हे हमेशा के लिए बना रहे। इसी शिष्टाचार से आज मेरे द्वारा एक छोटा सा उपहार स्वरूप न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इस अवसर पर सरखोर प्रधान पाठक गिरधर कोसले, संतोष कुर्रे, त्रिलोक कुमार, ग्राम भारती शिक्षक संतराम टंडन आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



### शिक्षक ने स्कूल में कराया न्योता भोज ...

**पलारी |** शाला परिसर में शिक्षक सोनसाय साहू ने अपने जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन किया। बच्चों ने अल्पाहार ग्रहण किया और शिक्षक के प्रति अपना स्नेह एवं सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर शाला परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।



### अब पैनाल्टी और जुर्माना ले सकेंगे

# रेलवे ने आरपीएफ का अधिकार बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

जनविश्वास अधिनियम रेलवे के तहत नये कानून के तहत आरपीएफ के अधिकार बढ़ा दिया गया है। इसमें तत्काल मौके पर पेनाल्टी जुर्माना वसूलने के अलावा रेल्वे कोर्ट भेजने का अधिकार भी शामिल है। 1 जुलाई से नये कानून के तहत पटरी पार करने वाले, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, रेल यात्रा के दौरान महिला बोगी में सफर करना, अवैध वेंडिंग, फेरी वालों पर कार्यवाही की जा रही है, जिसमें 30 से अधिक मामले बनाकर पेनाल्टी वसूला गया। भाटापारा आरपीएफ का दायरा लगभग 110 किमी का है, जिसमें उरकुरा आऊटर से लेकर बिलासपुर के पास दाधापारा तक शामिल है। पोस्ट प्रभारी एसके शुक्ला ने बताया कि बिना टिकट यात्रा में 500 अतिरिक्त पेनाल्टी व किराया देना होगा। नहीं देने पर छःह माह की सजा व 500 रूपये पटाना होगा। आरक्षण टिकट में किसी दूसरे की टिकट में यात्रा करने पर 5000 रूपये तक जुर्माना है। इसके अलावा स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने, धूमपान करने पर भी जुर्माना लगेगा। शुक्ला ने बताया रेल कर्मचारी से अगर कोई दुर्व्यवहार करता है तो 2500 रूपये जुर्माना व जेल भी जाना पड सकता है। वहीं भाटापारा के अलावा तिल्दा, बिल्हा, दाधापारा, हथबंद, सिलयारी, माढंर में आरपीएफ की तैनाती है, वहीं तिल्दा में आरपीएफ की चौकी भी है, जो लगातार मानिटरिंग व जांच में जुटी रहती है। रेल्वे के नये नियम में यात्री सुविधाओं का भी ध्यान रखा जा रहा है, जिसके तहत स्टेशन परिसर के अलावा यात्रा के दौरान ट्रेनों में भी सघन जांच पड़ताल अभियान चलाया जा रहा है।




## खबर संक्षेप



### खरोरा में सैन्य प्रशिक्षण 5 से

**महासमुंद।** शहीद स्मारक खरोरा में 5 जुलाई 26 से निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण चलाया जाएगा। शहीद स्मारक के पीछे तालाब पर ग्रामवासियों को स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है।

### कर्राभौना में बंद हैंडपंप की हुई मरम्मत ग्रामीणों को मिली राहत



**महासमुंद।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत प्राप्त जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण करते हुए पीएचई विभाग द्वारा ग्राम कर्राभौना में बंद पड़े पंप की मरम्मत कर उसे पुनः चालू कर दिया गया है। विकासखंड बसना के ग्राम कर्राभौना निवासी विजय कुमार चौहान ने आवेदक क्रमांक 26144573900101 के माध्यम से ग्राम पंचायत कुम्हारी के आश्रित ग्राम कर्राभौना के वार्ड क्रमांक 06 में बंद पड़े हैंडपंप की मरम्मत के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था।

### कोसरंगी सोसाइटी में मनाया सहकारिता सप्ताह




**महासमुंद।** भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह दिवस 29 जून 2026 को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोसरंगी में मनाया गया। जिसमें ध्वजारोहण ग्राम पंचायत कोसरंगी के सरपंच सुरेश कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में केआर यादव समिति प्रबंधक, डीके चंद्राकर लेखपाल, तुकाराम दीवान विक्रेता, राकेश साहू ऑपरेटर, तुलसीराम ध्रुव, विद्या धनेश्वर यादव, कृषकगण देवाराम साहू, मन्नू लाल साहू, अश्वनी साहू, वासुदेव दीवान, रामकुमार अग्रवाल, उदय राम साहू, नरेश दीवान, ईश्वर दीवान आदि मौजूद रहे।

## निधन

### सुमित्रा ध्रुव



**सुहेला।** स्थानीय पुरानी बस्ती निवासी भोजराम ध्रुव की पत्नी एवं शिक्षिका सुमित्रा ध्रुव 45 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक ग्राम खैरवारी के मुक्तिधाम में परिजनों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों की उपस्थिति में किया गया। स्वर्गीय सुमित्रा ध्रुव अपने पीछे पुत्र सौरभ ध्रुव सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। वे वृंदा नवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव, ईश्वर ध्रुव एवं जीवन ध्रुव की भाई बहू तथा कौशल ध्रुव एवं राजेश ध्रुव की बड़ी भाभी थीं। उनके निधन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।




# स्थापना दिवस पर एसबीआई फाउंडेशन ने किया साइकिल बैंक का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

एसबीआई फाउनडेशन द्वारा स्टेट बैंक आफ इंडिया के स्थापना दिवस पर सोनाखान में 'साइकिल बैंक' का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ गांवों से लगभग 5 से 10 किलोमीटर की दूरी तय कर यूथ ट्रेनिंग सेंटर आने वाले विद्यार्थियों को आने-जाने की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि परिवहन संबंधी कठिनाइयों के कारण उनकी पढ़ाई एवं प्रशिक्षण प्रभावित न हो।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत किया गया तथा साइकिल बैंक का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सोनाखान के प्रभारी सरपंच गजानंद पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवीदास (समर्थन छत्तीसगढ़ के स्टेट कॉर्डिनेटर) ने की।

विशिष्ट अतिथियों में निलेश सोनी आत्मानंद स्कूल शिक्षक दिलेश्वर यादव,पंच, संत मिलाप ध्रुव हेड कांस्टेबल, राहुल यादव कांस्टेबल, मोहन दास मानिकपुरी ग्राम उपाध्यक्ष तथा कैलाश देवदास ग्राम सचिव उपस्थित थे। कार्यक्रम में एसबीआई फाउंडेशन के स्टाफ, यूथ ट्रेनिंग सेंटर के प्रशिक्षार्थियों एवं ग्रामवासियों की सहभागिता रही।

अतिथियों ने एसबीआई फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि साइकिल बैंक ग्रामीण युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी पहल है।

### सोनाखान में युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु एसबीआई फाउंडेशन की पहल



#### 100 युवा उठा रहे हैं लाभ

वर्तमान में एसबीआई फाउंडेशन द्वारा सोनाखान में युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु थ्योरी क्लास, फिजिकल ट्रेनिंग, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र तथा कंप्यूटर क्लास संचालित किए जा रहे हैं। इन विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ वर्तमान में लगभग 100 युवा प्राप्त कर रहे हैं, जिससे उन्हें रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। इससे विद्यार्थियों का समय एवं आर्थिक व्यय दोनों कम होंगे और वे नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने भविष्य को बेहतर बना सकेंगे।

## शुभारंभ : योजना में ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने पर जोर

# वीबी-जी राम जी योजना में ग्रामीणों को मिलेगा 125 दिनों का रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाज़ार

देशभर में 1 जुलाई से विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)– वीजी राम जी योजना का शुभारंभ शुरू हो चुका है। योजना के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों को अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान है। योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को अपने गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराना, ग्रामीण आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाना, जल सुरक्षा एवं आजीविका के अवसरों का विस्तार करना तथा विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने में योगदान देना है। इस संबंध में गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।




### आंगनवाड़ी, पंचायत भवन और जल संरक्षण कार्यों को मिलेगी प्राथमिकता

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि योजना के माध्यम से अब ग्रामीणों को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों तक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति अपने गांव में रहकर रोजगार करना चाहता है तो उसे स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। आंगनवाड़ी भवन, पंचायत भवन एवं अन्य आवश्यक सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जाएगा। इसके साथ ही जल सुरक्षा, जल संरक्षण तथा आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

### वीबी-जी राम जी' योजना से गांवों का होगा समग्र विकास

जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि 'वीबी-जी राम जी' योजना वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से सभी पंचायतों में बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य किए जाएंगे। इससे ग्रामीण आधारभूत संरचना मजबूत होगी, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल ने विस्तार से योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर महिला स्व-सहायता समूहों की दीदियों के लिए क्लस्टर स्तर पर आजीविका केंद्रों के निर्माण की व्यवस्था की गई है। इन केंद्रों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कार्यशाला में अधिकारियों से योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक इसका लाभ पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन साहु सहित बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की महिलायें मौजूद थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर कार्यों का चयन एवं स्वीकृति सुनिश्चित की जाए, ताकि इसका लाभ शीघ्रता से ग्रामीणों तक पहुंचे। कृषि कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए बुवाई एवं कटाई के मौसम में 60 दिनों का अंतराल रखने का प्रावधान किया गया है।

# केवट मंदिर शिवरीनारायण में हुआ आदर्श विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण के रामघाट स्थित केवट मंदिर में आदर्श विवाह हुआ। मंदिर के पुजारी पंडित भूपेन्द्र तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वर-वधू का विवाह संपन्न कराया। विवाह उपरांत नवदंपती ने मंदिर में विराजित भगवान केवट, भगवान श्रीराम-जानकी एवं अन्य देवी-देवताओं के दर्शन कर सुखद, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

जानकारी के अनुसार,जांजगीर चांपा जिले के सोनसरी गांव के युवती मनीषा केवट पकरिया गांव के युवक दत्तात्रेय केवट का आदर्श विवाह सामाजिक रीति रिवाज से हुआ। नरेंद्र कुमार और गेंदराम केवट दोनों परिवारों की सहमति एवं सामाजिक रीति-रिवाजों से हुआ। इस अवसर पर दोनों पक्षों के परिजन, रिश्तेदार एवं समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विवाह समारोह में मुख्य रूप से जांजगीर-चांपा जिला केवट समाज के जिलाध्यक्ष सूरज केवट, कोषाध्यक्ष त्रिपतिनाथ केवट, कोरबा जिलाध्यक्ष ललित कुमार केवट केंद्रीय समिति के बहरता राम केवट, डॉ. मनहरण केवट, जितेंद्र केवट, जेठूराम केवट, उग्रेश्वर गोपाल केवट सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# डिजिटल शिक्षा को हर बूथ और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

समोदा मंडल भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में ग्राम भैंसा में पं. दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिजिटल शिक्षा के विस्तार, संगठन की आगामी कार्ययोजना तथा डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने हर बूथ और गांव के अंतिम व्यक्ति तक इस प्लेटफॉर्म की जानकारी पहुंचाने का संकल्प लिया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर ग्रामीण भाजयुमो के प्रभारी महामंत्री ज्ञान प्रकाश चंद्राकर एवं जिला उपाध्यक्ष चेतन टंडन उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि डिजिटल शिक्षा आज समय की आवश्यकता है और इसके माध्यम से युवाओं, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों को नई तकनीकों से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को डिजिटल अभियान से जोड़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जनपद सभापति संजय धृतलहरे, रायपुर ग्रामीण जिला मंत्री खुलेश साहू, हितेश साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गोविंद वर्मा, दीपक वर्मा, संदीप सिन्हा, चंदन माण्डले, गोविंद डहरिया, बल्लू ओगरे, विकास गेंड्रे सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में बाल संसद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, अनुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से बाल संसद का गठन एवं शपथ ग्रहण हुआ। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति पद पर मेघा गहिरवाल, उपराष्ट्रपति पद पर शिवकुमार धीवर एवं डिंपल, प्रधानमंत्री पद पर साहिल धृतलहरे तथा उप प्रधानमंत्री पद पर वंशिका चतुर्वेदी का चयन किया गया। इसी प्रकार आनंद बांधे को स्वच्छता मंत्री, प्रणित कुमार धीवर को जल मंत्री, कोमल वर्मा को स्वास्थ्य मंत्री, आस्था मानिकपुरी को बागवानी मंत्री, वर्षा रात्रे को सांस्कृतिक मंत्री, भूमिका पारधी को शिक्षा मंत्री, राधे यादव को खेल मंत्री, जागृति कोसले को मध्याह्न भोजन मंत्री, खुशी धीवर को प्रार्थना मंत्री, प्रिंस कुमार को खोया-पाया विभाग तथा इशांत कोसले को अनुशासन मंत्री का दायित्व सौंपा गया। कक्षा छठवीं की कक्षा नायक जागृति कोसले, कक्षा सातवीं के कक्षा नायक आशीष यादव तथा कक्षा आठवीं के कक्षा नायक लकी नवरंगे बनाए गए। कार्यक्रम में प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपने पद एवं कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने, विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन, स्वच्छता, सहयोग एवं सेवा की भावना को बढ़ावा देने तथा अपने सहपाठियों के हित में सदैव कार्य करने की शपथ दिलाई। सभी छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ शपथ ग्रहण कर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि बाल संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, निर्णय लेने की योग्यता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करने का एक प्रभावी माध्यम है। इससे बच्चों में जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है और वे विद्यालय के विभिन्न कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए एक आदर्श नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर होते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्पक्षता के साथ निर्वहन करते हुए विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित एवं प्रेरणादायी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोगी शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्नाडे एवं भारती तांती का सक्रिय, समर्पित एवं सराहनीय योगदान रहा। शिक्षकों ने पूरी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा उन्हें अपने दायित्वों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उत्साह, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

### प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव मना



**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शालाबरडीह में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। संस्था प्रमुख हेम साहू एवं भेष कुमार महिलांग द्वारा शाला के बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत कराया गया। स्कूली बच्चों को पाठ् पुस्तकों का वितरण किया। साथ ही बच्चों को पर्यावरण बचाने के लिए शाला परिसर के पौधारोपण करने पर जोर दिया गया, स्कूल परिसर की स्वच्छता के संबंध में बच्चों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शिक्षक विशेसर वर्मा, चरित्र कुमार ध्रुव, संजय मंदसौर, मीनाक्षी सिरमौर उपस्थित थे।

## कक्षा 9वीं से 12वीं तक मिलेगी प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति

# राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति में फहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



विकासखंड सिमगा के संकुल स्त्रोत केंद्र बालक सिमगा के पूर्व माध्यमिक शाला खंडुआ के बच्चों ने राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना मे पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 बच्चों ने परीक्षा दिलाई, जिसमें से 8 बच्चों का चयन हुआ।

इसमें चयनित बच्चों को कक्षा 9 वीं से 12वीं तक प्रत्येक वर्ष 12 हजार की छात्रवृत्ति प्राप्त होती हैं। चयनित बच्चों में सुरज अनंत, डीलेश्वरी, ममता, हेमराज, कौशलमणि, रश्मि, शकुंतला एवं राज मार्कण्डेय का चयन हुआ। विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव एवं बीआरसी किरण वर्मा द्वारा चयनित बच्चों एवं शाला परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर शाला परिवार के समस्त शिक्षक मनोज साहू, भुनेश्वरी चौहान, हेमंत वर्मा, सालिकराम देवांगन तथा उनके मार्गदर्शक शिक्षक आत्मादास मानिकपुरी एवं संस्था प्रमुख सोनल वाडकर एवं पालक गण उपस्थित रहे। बच्चों का संकुल स्तर पर संकुल प्राचार्य आशुतोष शर्मा एवं संकुल समन्वयक विजय कुमार वर्मा द्वारा कॉपी एवं पेन देकर उत्साहवर्धन किया गया।

संकुल प्राचार्य श्री शर्मा द्वारा पढ़ाई लिखाई के महत्व और सफलता के मार्ग में आगे बढ़ने हेतु निरन्तर प्रयास किए जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। संस्था प्रमुख सोनल वाडकर के द्वारा संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार प्रकट करते हुए सत्र 2026-27 में भी बेहतर परिणाम लाने हेतु बच्चों एवं शिक्षकों को निरन्तर प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया।

